भारत सरकार

योजना मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 520

दिनांक 22.07.2026 को उत्तर देने के लिए

आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम का कार्यकरण और परिणाम

520. श्री पुष्पेंद्र सरोज:

क्या **योजना मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत सम्मिलित किए गए जिलों का वर्ष-वार तथा राज्य-वार ब्यौरा क्या है और विशेषकर उत्तर प्रदेश के लिए ट्रैक किए गए संकेतकों का ब्यौरा क्या है;

(ख) प्रमुख संकेतकों में गिरावट या ठहराव दर्शाने वाले जिलों की संख्या का ब्यौरा क्या है और सरकार की समीक्षाओं में इन परिणामों के लिए जिम्मेदार किन कारणों की पहचान की गई है;

(ग) जिला स्तर पर कार्यक्रम के कार्यान्वयन के संबंध में प्राप्त शिकायतों और ज्ञापनों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(घ) आकांक्षी जिला कार्यक्रम की प्रभावशीलता के संबंध में निगरानी और मूल्यांकन रिपोर्टों के प्रमुख निष्कर्ष क्या है; और

(ङ) कार्यक्रम के कार्यान्वयन को मजबूत करने के लिए शुरू किए गए सुधारात्मक नीतिगत और प्रशासनिक उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं

राज्यमंत्री, संस्कृति मंत्रालय

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) आकांक्षी जिलों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार सूची तथा आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) के अंतर्गत प्रमुख निष्पादन संकेतकों की सूची क्रमशः **अनुलग्नक-I** एवं **II** में दी गई है।

(ख) आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास तथा बुनियादी अवसंरचना—इन पाँच विषयगत क्षेत्रों के अंतर्गत 49 प्रमुख निष्पादन संकेतकों (केपीआई**)** के आधार पर समग्र अंकों के माध्यम से आकांक्षी जिलों के प्रदर्शन की निगरानी की जाती है। कार्यक्रम के अंतर्गत दर्ज समग्र अंकों के अनुसार यह पाया गया है कि 112 में से किसी भी आकांक्षी जिले के समग्र अंकों में न तो स्थिरता आयी है और न ही गिरावट दर्ज की गई है। कार्यक्रम के प्रारंभ से अब तक सभी आकांक्षी जिलों ने अपने समग्र अंकों में सुधार प्रदर्शित किया है।

(ग) जिला स्तर पर प्राप्त शिकायतों एवं अभ्यावेदनों के रिकॉर्ड का रखरखाव नीति आयोग द्वारा नहीं रखा जाता।

(घ) नीति आयोग के विकास अनुवीक्षण एवं मूल्यांकन कार्यालय (डीएमईओ) द्वारा आकांक्षी जिला कार्यक्रम का स्वतंत्र मूल्यांकन किया गया, जिसमें यह पुष्टि की गई कि '3सी' मॉडल (अभिसरण, सहयोग एवं प्रतिस्पर्धा), तत्क्षण निगरानी तथा आँकड़ा-आधारित निर्णयन के साथ संयुक्त रूप से मानव विकास से संबंधित प्रमुख संकेतकों में विकास को प्रभावी रूप से गति प्रदान करने में सफल रहा है। एडीपी के अंतर्गत प्रमुख विषयगत क्षेत्रों के विभिन्न संकेतकों में संतृप्ति स्तर तक उल्लेखनीय प्रगति प्राप्त की गई है।

(ङ) कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन को सुदृढ़ बनाने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों एवं जिलों के साथ नियमित समीक्षा की जाती है; केंद्र एवं राज्य सरकारों की विद्यमान योजनाओं का केंद्र, राज्य, जिला प्रशासन तथा नागरिकों के सहयोग से अभिसरण सुनिश्चित किया जाता है, चयनित प्रमुख निष्पादन संकेतकों (केपीआई) के आधार पर जिलों के प्रदर्शन की सतत निगरानी की जाती है, कम प्रदर्शन वाले संकेतकों पर केंद्रित उपाय किए जाते हैं; तथा सर्वोत्तम कार्य - पद्धतियों का प्रसार किया जाता है।

अनुलग्नक-I

माननीय श्री पुष्पेन्द्र सरोज द्वारा पूछे गए "आकांक्षी जिला कार्यक्रम के कार्यान्वयन एवं परिणाम" के संबंध में दिनांक 22.7.2026 के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 520 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार आकांक्षी जिलों की सूची

क्र. सं.	राज्य	जिला
1.	आंध्र प्रदेश	अल्लूरी सीताराम राजू
2.	आंध्र प्रदेश	पार्वतीपुरम मन्यम
3.	आंध्र प्रदेश	वाई.एस.आर. कडप्पा
4.	अरुणाचल प्रदेश	नामसाई
5.	असम	बक्सा
6.	असम	बरपेटा
7.	असम	दरांग
8.	असम	धुबरी
9.	असम	गोलपाड़ा
10.	असम	हैलाकांडी
11.	असम	उदालगुड़ी
12.	बिहार	अररिया
13.	बिहार	औरंगाबाद
14.	बिहार	बांका
15.	बिहार	बेगूसराय
16.	बिहार	गया

क्र. सं.	राज्य	जिला
17.	बिहार	जमुई
18.	बिहार	कटिहार
19.	बिहार	खगड़िया
20.	बिहार	मुज़फ्फरपुर
21.	बिहार	नवादा
22.	बिहार	पूर्णिया
23.	बिहार	शेखपुरा
24.	बिहार	सीतामढ़ी
25.	छत्तीसगढ़	बस्तर
26.	छत्तीसगढ़	बीजापुर
27.	छत्तीसगढ़	दंतेवाड़ा
28.	छत्तीसगढ़	कांकेर
29.	छत्तीसगढ़	कोंडागांव
30.	छत्तीसगढ़	कोरबा
31.	छत्तीसगढ़	महासमुंद
32.	छत्तीसगढ़	मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी
33.	छत्तीसगढ़	नारायणपुर
34.	छत्तीसगढ़	सुकमा
35.	गुजरात	दाहोद
36.	गुजरात	नर्मदा
37.	हरियाणा	मेवात (नूंह)

क्र. सं.	राज्य	जिला
38.	हिमाचल प्रदेश	चंबा
39.	जम्मू और कश्मीर	बारामूला
40.	जम्मू और कश्मीर	कुपवाड़ा
41.	झारखंड	बोकारो
42.	झारखंड	चतरा
43.	झारखंड	दुमका
44.	झारखंड	गढ़वा
45.	झारखंड	गिरिडीह
46.	झारखंड	गोड्डा
47.	झारखंड	गुमला
48.	झारखंड	हज़ारीबाग
49.	झारखंड	खूंटी
50.	झारखंड	लातेहार
51.	झारखंड	लोहरदगा
52.	झारखंड	पाकुड़
53.	झारखंड	पलामू
54.	झारखंड	पश्चिमी सिंहभूम
55.	झारखंड	पूर्वी सिंहभूम
56.	झारखंड	रामगढ़
57.	झारखंड	राँची
58.	झारखंड	साहिबगंज

क्र. सं.	राज्य	जिला
59.	झारखंड	सिमडेगा
60.	कर्नाटक	रायचूर
61.	कर्नाटक	यादगिर
62.	केरल	वायनाड
63.	मध्य प्रदेश	बड़वानी
64.	मध्य प्रदेश	छतरपुर
65.	मध्य प्रदेश	दमोह
66.	मध्य प्रदेश	गुना
67.	मध्य प्रदेश	खंडवा
68.	मध्य प्रदेश	राजगढ़
69.	मध्य प्रदेश	सिंगरौली
70.	मध्य प्रदेश	विदिशा
71.	महाराष्ट्र	गढ़चिरौली
72.	महाराष्ट्र	नंदुरबार
73.	महाराष्ट्र	उस्मानाबाद
74.	महाराष्ट्र	वाशिम
75.	मणिपुर	चंदेल
76..	मेघालय	री भोई
77.	मिजोरम	मामित
78.	नागालैंड	किफिरे
79.	ओडिशा	बलांगीर

क्र. सं.	राज्य	जिला
80.	ओडिशा	ढेंकानाल
81.	ओडिशा	गजपति
82.	ओडिशा	कालाहांडी
83.	ओडिशा	कंधमाल
84.	ओडिशा	कोरापुट
85.	ओडिशा	मलकानगिरि
86.	ओडिशा	नबरंगपुर
87.	ओडिशा	नुआपाड़ा
88.	ओडिशा	रायगढ़ा
89.	पंजाब	फिरोजपुर
90.	पंजाब	मोगा
91.	राजस्थान	बारां
92.	राजस्थान	धौलपुर
93.	राजस्थान	जैसलमेर
94.	राजस्थान	करौली
95.	राजस्थान	सिरोही
96.	सिक्किम	सोरेंग
97.	तमिलनाडु	रामनाथपुरम
98.	तमिलनाडु	विरुधुनगर
99.	तेलंगाना	भद्राद्रि कोठागुडेम
100.	तेलंगाना	जयशंकर भूपलपल्ली

क्र. सं.	राज्य	जिला
101.	तेलंगाना	कोमाराम भीम आसिफाबाद
102.	त्रिपुरा	धलाई
103.	उत्तर प्रदेश	बहराइच
104.	उत्तर प्रदेश	बलरामपुर
105.	उत्तर प्रदेश	चंदौली
106.	उत्तर प्रदेश	चित्रकूट
107.	उत्तर प्रदेश	फतेहपुर
108.	उत्तर प्रदेश	श्रावस्ती
109.	उत्तर प्रदेश	सिद्धार्थनगर
110.	उत्तर प्रदेश	सोनभद्र
111.	उत्तराखंड	हरिद्वार
112.	उत्तराखंड	ऊधम सिंह नगर

अनुलग्नक – II

माननीय श्री पुष्पेन्द्र सरोज द्वारा पूछे गए "आकांक्षी जिला कार्यक्रम के कार्यान्वयन एवं परिणाम" के संबंध में दिनांक 22.7.2026 के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 520 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों (केपीआई) की सूची

क्रम सं.	विषय	संकेतक संख्या	निगरानी योग्य आँकड़ा-बिंदु	आवृत्ति
1	स्वास्थ्य एवं पोषण	1.1	कुल प्रसवपूर्व पंजीकरणों के सापेक्ष चार अथवा उससे अधिक प्रसवपूर्व जाँच प्राप्त करने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत	वार्षिक
2	स्वास्थ्य एवं पोषण	1.2	कुल प्रसवपूर्व पंजीकरणों के सापेक्ष गर्भावस्था की प्रथम तिमाही के भीतर पंजीकृत प्रसवपूर्व मामलों का प्रतिशत	मासिक
3	स्वास्थ्य एवं पोषण	1.3	अनुमानित गर्भधारणों के सापेक्ष प्रसवपूर्व देखभाल (एएनसी) हेतु पंजीकृत गर्भवती महिलाओं(पीडब्लयू) का प्रतिशत	मासिक
4	स्वास्थ्य एवं पोषण	2	एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) कार्यक्रम के अंतर्गत नियमित रूप से पूरक पोषण प्राप्त करने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत	मासिक
5	स्वास्थ्य एवं पोषण	3.1	गंभीर रक्ताल्पता से ग्रस्त जाँचित गर्भवती महिलाओं के सापेक्ष उपचार प्राप्त करने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत	मासिक
6	स्वास्थ्य एवं पोषण	3.2	कुल प्रसवपूर्व पंजीकरणों के सापेक्ष संबंधित प्रसवपूर्व जाँचों के दौरान चार अथवा उससे अधिक बार हीमोग्लोबिन जाँच कराने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत	वार्षिक

क्रम सं.	विषय	संकेतक संख्या	निगरानी योग्य आँकड़ा-बिंदु	आवृत्ति
7	स्वास्थ्य एवं पोषण	4.1	जन्म के समय लिंगानुपात	मासिक
8	स्वास्थ्य एवं पोषण	4.2	अनुमानित कुल प्रसवों के सापेक्ष संस्थागत प्रसवों का प्रतिशत	मासिक
9	स्वास्थ्य एवं पोषण	5	कुल घरेलू प्रसवों के सापेक्ष कुशल प्रसव सहायक (एसबीए) प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी की देखरेख में संपन्न घरेलू प्रसवों का प्रतिशत	मासिक
10	स्वास्थ्य एवं पोषण	6.1	जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान करने वाले नवजातों का प्रतिशत	मासिक
11	स्वास्थ्य एवं पोषण	6.2	कम जन्म भार (2,500 ग्राम से कम) वाले शिशुओं का प्रतिशत	मासिक
12	स्वास्थ्य एवं पोषण	6.3	जन्म के समय भार मापे गए जीवित शिशुओं का अनुपात	मासिक
13	स्वास्थ्य एवं पोषण	7	पाँच वर्ष से कम आयु के कम वजन वाले बच्चों का प्रतिशत	मासिक
14	स्वास्थ्य एवं पोषण	8.1	पाँच वर्ष से कम आयु के अवरुद्ध वृद्धि (बौनेपन) से ग्रस्त बच्चों का प्रतिशत	तिमाही
15	स्वास्थ्य एवं पोषण	8.2	दस्त से पीड़ित ऐसे बच्चों का प्रतिशत, जिनका उपचार ओआरएस से किया गया	तिमाही
16	स्वास्थ्य एवं पोषण	8.3	दस्त से पीड़ित ऐसे बच्चों का प्रतिशत, जिनका उपचार जिंक से किया गया	तिमाही
17	स्वास्थ्य एवं पोषण	8.4	पिछले दो सप्ताह में तीव्र श्वसन संक्रमण (एआरआई) से पीड़ित ऐसे बच्चों का प्रतिशत, जिन्हें स्वास्थ्य संस्थान ले जाया गया	तिमाही

क्रम सं.	विषय	संकेतक संख्या	निगरानी योग्य आँकड़ा-बिंदु	आवृत्ति
18	स्वास्थ्य एवं पोषण	9.1	गंभीर तीव्र कुपोषण (एसएएम) से ग्रस्त बच्चों का प्रतिशत	मासिक
19	स्वास्थ्य एवं पोषण	9.2	मध्यम तीव्र कुपोषण (एमएएम) से ग्रस्त बच्चों का प्रतिशत	मासिक
20	स्वास्थ्य एवं पोषण	10.1	पर्याप्त आहार प्राप्त करने वाले स्तनपान करने वाले बच्चों (6–23 माह) का प्रतिशत	तिमाही
21	स्वास्थ्य एवं पोषण	10.2	पर्याप्त आहार प्राप्त करने वाले स्तनपान न करने वाले बच्चों (6–23 माह) का प्रतिशत	तिमाही
22	स्वास्थ्य एवं पोषण	11	पूर्ण प्रतिरक्षित बच्चों (9–11 माह) का प्रतिशत (बीसीजी + डीपीटी-3 + ओपीवी-3 + खसरा-1)	मासिक
23	स्वास्थ्य एवं पोषण	12.1	अनुमानित तपेदिक (टीबी) मामलों के सापेक्ष अधिसूचित तपेदिक मामलों की दर (सार्वजनिक एवं निजी संस्थानों सहित)	मासिक
24	स्वास्थ्य एवं पोषण	12.2	अधिसूचित तपेदिक (टीबी) रोगियों (सार्वजनिक एवं निजी) में उपचार सफलता दर	मासिक
25	स्वास्थ्य एवं पोषण	13.1	स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों (एचडब्ल्यूसी) में परिवर्तित उप-केंद्रों/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का अनुपात	तिमाही
26	स्वास्थ्य एवं पोषण	13.2	भारतीय जन स्वास्थ्य मानकों के अनुरूप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का अनुपात	तिमाही
27	स्वास्थ्य एवं पोषण	13.3	5,00,000 जनसंख्या पर एक (पर्वतीय क्षेत्रों में 3,00,000 जनसंख्या पर एक) की मानक व्यवस्था के सापेक्ष कार्यशील प्रथम रेफरल इकाइयों (एफआरयू) का अनुपात	तिमाही

क्रम सं.	विषय	संकेतक संख्या	निगरानी योग्य आँकड़ा-बिंदु	आवृत्ति
28	स्वास्थ्य एवं पोषण	13.4	जिला अस्पतालों में उपलब्ध विशेषज्ञ सेवाओं का अनुपात (10* प्रमुख विशेषज्ञ सेवाओं के सापेक्ष)	तिमाही
29	स्वास्थ्य एवं पोषण	13.5	पिछले एक माह में कम-से-कम एक ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस/शहरी स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस आयोजित करने वाले आंगनवाड़ी केंद्रों/शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का प्रतिशत	तिमाही
30	स्वास्थ्य एवं पोषण	13.6	स्वयं के भवन वाले आंगनवाड़ी केंद्रों का अनुपात	तिमाही
31	स्वास्थ्य एवं पोषण	13.7	प्रसूति कक्ष एवं प्रसूति शल्यकक्ष सहित राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) प्रमाणित (अर्थात् लक्ष्य दिशानिर्देशों के अनुरूप) प्रथम रेफरल इकाइयों (एफआरयू) का प्रतिशत	मासिक
32	शिक्षा	1.1	प्राथमिक स्तर से उच्च प्राथमिक स्तर पर पारगमन दर	वार्षिक
33	शिक्षा	1.2	उच्च प्राथमिक स्तर से माध्यमिक स्तर पर संक्रमण दर	वार्षिक
34	शिक्षा	2	शौचालय सुविधा: कार्यशील बालिका शौचालय वाले विद्यालयों का प्रतिशत	मासिक
35	शिक्षा	3.1	कक्षा 3 में गणितीय उपलब्धि	तिमाही
36	शिक्षा	3.2	कक्षा 3 में भाषाई उपलब्धि	तिमाही
37	शिक्षा	3.3	कक्षा 5 में गणितीय उपलब्धि	तिमाही
38	शिक्षा	3.4	कक्षा 5 में भाषाई उपलब्धि	तिमाही
39	शिक्षा	3.5	कक्षा 8 में गणितीय उपलब्धि	तिमाही

क्रम सं.	विषय	संकेतक संख्या	निगरानी योग्य आँकड़ा-बिंदु	आवृत्ति
40	शिक्षा	3.6	कक्षा 8 में भाषाई उपलब्धि	तिमाही
41	शिक्षा	4	महिला साक्षरता दर (15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग)	तिमाही
42	शिक्षा	5	कार्यशील पेयजल सुविधा वाले विद्यालयों का प्रतिशत	मासिक
43	शिक्षा	6	माध्यमिक स्तर पर कार्यशील विद्युत सुविधा वाले विद्यालयों का प्रतिशत	मासिक
44	शिक्षा	7	शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम में निर्धारित छात्र-शिक्षक अनुपात का अनुपालन करने वाले प्रारंभिक विद्यालयों का प्रतिशत	मासिक
45	शिक्षा	8	शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के एक माह के भीतर विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराने वाले विद्यालयों का प्रतिशत	वार्षिक
46	कृषि एवं जल संसाधन	1.1	सूक्ष्म सिंचाई के अंतर्गत शुद्ध बोया गया क्षेत्र का प्रतिशत	मासिक
47	कृषि एवं जल संसाधन	1.2	महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अंतर्गत पुनर्जीवित जल निकायों की संख्या	अर्धवार्षिक
48	कृषि एवं जल संसाधन	2	फसल बीमा - प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के अंतर्गत शुद्ध बोए गए क्षेत्र का प्रतिशत	अर्धवार्षिक
49	कृषि एवं जल संसाधन	3.1	कृषि ऋण में प्रतिशत वृद्धि	अर्धवार्षिक
50	कृषि एवं जल संसाधन	3.2	प्रमाणित गुणवत्तायुक्त बीजों का वितरण	अर्धवार्षिक

क्रम सं.	विषय	संकेतक संख्या	निगरानी योग्य आँकड़ा-बिंदु	आवृत्ति
51	कृषि एवं जल संसाधन	4	इलेक्ट्रॉनिक बाजार से जुड़े जिला मंडियों की संख्या	मासिक
52	कृषि एवं जल संसाधन	5	मूल्य प्राप्ति में प्रतिशत परिवर्तन - कृषि उपज के खेत-स्तरीय मूल्य (एफएचपी) तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के मध्य अंतर	अर्धवार्षिक
53	कृषि एवं जल संसाधन	6	जिले के कुल बोए गए क्षेत्र में उच्च मूल्य वाली फसलों का प्रतिशत हिस्सा	वार्षिक
54	कृषि एवं जल संसाधन	7	दो प्रमुख फसलों की कृषि उत्पादकता	अर्धवार्षिक
55	कृषि एवं जल संसाधन	8	टीकाकृत पशुओं का प्रतिशत	मासिक
56	कृषि एवं जल संसाधन	9	कृत्रिम गर्भाधान का कवरेज	मासिक
57	कृषि एवं जल संसाधन	10	वितरित मृदा स्वास्थ्य कार्डों की संख्या	मासिक
58	वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास	1	प्रति एक लाख जनसंख्या पर मुद्रा ऋण का कुल वितरण (रुपयों में)	मासिक
59	वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास	2	प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई): प्रति एक लाख जनसंख्या पर नामांकन की संख्या	मासिक

क्रम सं.	विषय	संकेतक संख्या	निगरानी योग्य आँकड़ा-बिंदु	आवृत्ति
60	वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास	3	प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई): प्रति एक लाख जनसंख्या पर नामांकन की संख्या	मासिक
61	वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास	4	अटल पेंशन योजना (एपीवाई): प्रति एक लाख जनसंख्या पर लाभार्थियों की संख्या	मासिक
62	वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास	5	कुल बैंक खातों के सापेक्ष आधार से संबद्ध बैंक खातों का प्रतिशत	मासिक
63	वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास	6	प्रधानमंत्री जन धन योजना के अंतर्गत खोले गए खातों की संख्या	मासिक
64	वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास	7	अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक प्रशिक्षण योजनाओं के अंतर्गत प्रमाणित युवाओं की संख्या / जिले में 15–29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की संख्या	मासिक
65	वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास	8	रोजगार प्राप्त प्रमाणित युवाओं की संख्या / अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रशिक्षित युवाओं की संख्या	मासिक

क्रम सं.	विषय	संकेतक संख्या	निगरानी योग्य आँकड़ा-बिंदु	आवृत्ति
66	वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास	9	प्रशिक्षुता पूर्ण करने वाले प्रशिक्षुओं की संख्या / पोर्टल पर पंजीकृत प्रशिक्षुओं की कुल संख्या	मासिक
67	वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास	10	पूर्व अधिगम की मान्यता (आरपीएल) के अंतर्गत प्रमाणित व्यक्तियों की संख्या/अनौपचारिक रूप से कुशल कार्यबल की संख्या	मासिक
68	वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास	11.1	महिलाएँ – प्रमाणित एवं प्रशिक्षित	मासिक
69	वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास	11.2	अनुसूचित जाति (एससी) – प्रमाणित एवं प्रशिक्षित	मासिक
70	वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास	11.3	अनुसूचित जनजाति (एसटी) – प्रमाणित एवं प्रशिक्षित	मासिक
71	वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास	11.4	अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) – प्रमाणित एवं प्रशिक्षित	मासिक

क्रम सं.	विषय	संकेतक संख्या	निगरानी योग्य आँकड़ा-बिंदु	आवृत्ति
72	वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास	11.5	अल्पसंख्यक – प्रमाणित एवं प्रशिक्षित	मासिक
73	वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास	11.6	दिव्यांगजन – प्रमाणित एवं प्रशिक्षित / प्रमाणित एवं प्रशिक्षित युवाओं की कुल संख्या	मासिक
74	बुनियादी अवसंरचना	1	विद्युत कनेक्शन वाले परिवारों का प्रतिशत	मासिक
75	बुनियादी अवसंरचना	2	इंटरनेट सुविधा से जुड़े ग्राम पंचायतों का प्रतिशत	मासिक
76	बुनियादी अवसंरचना	3.1	प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत सभी मौसमों में उपयोग योग्य सड़कों से जुड़े बसावटों का प्रतिशत	मासिक
77	बुनियादी अवसंरचना	3.2	प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत जिले में स्वीकृत कुल सड़क लंबाई के सापेक्ष पूर्ण की गई सभी मौसमों में उपयोग योग्य सड़क की संचयी लंबाई का प्रतिशत	मासिक
78	बुनियादी अवसंरचना	4	व्यक्तिगत घरेलू शौचालय वाले परिवारों का प्रतिशत	मासिक
79	बुनियादी अवसंरचना	5	पर्याप्त मात्रा में पेयजल (ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन प्रति व्यक्ति 40 लीटर) की उपलब्धता वाले ग्रामीण बसावटों का प्रतिशत	मासिक

क्रम सं.	विषय	संकेतक संख्या	निगरानी योग्य आँकड़ा-बिंदु	आवृत्ति
80	बुनियादी अवसंरचना	6	ग्राम पंचायत स्तर पर सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी) की स्थापना/कवरेज	मासिक
81	बुनियादी अवसंरचना	7	आवासविहीन अथवा कच्ची दीवार एवं कच्ची छत वाले एक कमरे के मकान अथवा कच्ची दीवार एवं कच्ची छत वाले दो कमरों के मकान में रहने वाले परिवारों के लिए निर्मित पक्के मकानों का प्रतिशत	मासिक